जान लिया मेरा श्याम कहाँ पर रहता है लिरिक्स

जान लिया मेरा श्याम,
कहाँ पर रहता है,
हो सेवा गुणगान,
श्याम वहां रहता है।bd।

तर्ज – जी लेंगे सरकार तेरी।

श्याम कृपा से श्याम की सेवा,
बड़े भाग्य से मिलती है,
लाखों लोग लगे नंबर में,
किसी किसी को मिलती है,
सेवक का जीवन,
सेवा में रहता है,
हो सेवा गुणगान,
श्याम वहां रहता है।bd।

बस में करले श्याम प्रभु को,
ऐसा कोई यंत्र नहीं,
बाबा की सेवा से बढ़कर,
दूजा कोई मन्त्र नहीं,
सेवा से दरबार,
निखरता रहता है,
हो सेवा गुणगान,
श्याम वहां रहता है।bd।

श्याम प्रभु को नित सजाकर,
बाबा का गुणगान करें,
प्रेम भाव से मन को लगाकर,
साँवरिये का ध्यान धरें,
ऐसे सेवक से बाबा,
खुश रहता है,
हो सेवा गुणगान,
श्याम वहां रहता है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

प्रेम की शीतल धार बहें,
डूब गया जो श्याम प्रेम में,
प्रेम बिना फिर कैसे रहे,
'नंदू' प्रेम ही सार,
सांवरा कहता है,
हो सेवा गुणगान,
श्याम वहां रहता है।bd।

जान लिया मेरा श्याम,
कहाँ पर रहता है,
हो सेवा गुणगान,
श्याम वहां रहता है।bd।

Singer – Kemita Ji Rathore
Lyrics – Shri Nandkishor Ji Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com